
तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 52 शक्तिपीठों के चरण पादुकाओं की निकाली...


14 भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 172 स्कूल के...


## खबर संक्षेप

### एफएलएन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक सम्मानित



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय विद्यालय में नवाजतन एन ई पी 2020 बेस्ड एजुकेशन 21वीं सदी का शिक्षण शास्त्र के माध्यम से 100% बच्चों को एफएलएन में दक्ष करने वाले एवं कक्षा अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह अंजनेय विश्वविद्यालय परिषद रायपुर में रखा गया। जहां डॉक्टर योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक लोक शिक्षण संचनालय छत्तीसगढ़ एवं आशुतोष चावरे उपसंचालक लोक शिक्षण संचनालय छत्तीसगढ़ के द्वारा एफएलएन नवाजतन वारियर शिक्षक सम्मान श्रीमती आंचल वर्मा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला कन्तेली विकासखंड बेमेतरा को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बेमेतरा जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे सहित डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेपी धृतलहरे एवं छत्तीसगढ़ से आए हुए शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### बिजली संकट का फौरन निराकरण करें कांग्रेस ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी



**बेमेतरा।** अंचल में बिजली सप्लाई सुचारू तौर पर किए जाने ओर शीघ्र ही समस्याओं का निदान नहीं किए जाने पर कांग्रेस ने आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है। जारी शेष पेज 13 पर

### हादसा : हसदा गाँव के मुख्य मार्ग पर हाईवा की चपेट में आने से मौके पर जोड़ों की मौत

# आठ दिन पूर्व हुई थी शादी, सड़क हादसे में दूल्हा-दुल्हन की मौत, गांव में मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- मृतक समीर जोशी और योगेश्वरी का धमधा में किया गया अंतिम संस्कार

कण्डरका पुलिस चौकी अंतर्गत हसदा गाँव मे मुख्य मार्ग पर शनिवार एक भीषण सड़क दुर्घटना घटित हुई। जिसमें महज एक हफ्ते पूर्व के नवविवाहित जोड़ा के रूप में 25 वर्षीय पति समीर जोशी, निवास-धमधा एवं मृतका पत्नी 20 वर्षीय योगेश्वरी पिता सन्तोष हरदी गाँव निवासी की तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से बेहद दर्दनाक रूप से दोनों की मौत हो गयी है। इस हादसे के बाद गाँव सहित क्षेत्र में अफरातफरी का हालात देखने को मिला। वही सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने इस मामले में पंचनामा बनाकर मर्ग कायम करते हुए शव को पीएम भेजकर आवश्यक कार्यवाही तेज कर दी है। पुलिस चौकी से मिली जानकारी के मुताबिक मामला ब्लॉक मुख्यालय बेरला से मात्र 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम हसदा का है। जहां पर दोपहर 01 बजे के करीब यह दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें मृतक समीर जोशी अपने ससुराल गाँव हरदी से नवविवाहित पत्नी योगेश्वरी को लेकर बेरला के रास्ते अपने निवास नगर धमधा की ओर जा रहा था, तभी हसदा के समीप पीछे से तेज रफ्तार हाइवा ने जोरदार ठोकर मार दी। जिसकी चपेट में आने से लड़के की मौके पर मौत हो गयी जबकि गम्भीर रूप से घायल योगेश्वरी की मौत बेरला अस्पताल जाते रास्ते मे ही हो गयी। इस हादसे के बाद दोनों नवदम्पति के मायके व ससुराल स्थित गाँव मे मातम की स्थिति छा गयी। वहीं परिवार के एक व्यक्ति ने बताया कि 08 दिन पूर्व शानदार भव्य शादी की गई। वही खुशी कर बीच इस दुखद हादसे में अल्पायु में दोनों की मौत से दोनों परिजनो के बीच शोक की लहर है। वही शोकाकुल हालत में दोनों का अंतिम संस्कार धमधा में किया जाएगा।





#### 8 दिनों में खुशियां मातम में बदली

जानकारी के अनुसार दोनों युवा दम्पत्ति की शादी करीब 08 दिन पूर्व बड़े ही धूमधाम के साथ कि गई थी। जिसमे दूल्हा बना मृतक समीर धमधा के डीहपारा स्थित घर से बारात लेकर दुल्हन के गाँव हरदी(बेरला) पहुंचा था, जहां शादी के बाद रीति रिवाज व परम्परा के अनुसार दुल्हन के मायका आने पर दूल्हा द्वारा हरदी से धमधा जा रहे थे, तभी यह भयानक हादसा हो गया।

#### घटनास्थल पर हुई मौत, जांच जारी

इस सम्बंध में पुलिस चौकी कण्डरका में पदस्थ एएसआई दुर्गाप्रसाद देशलहरे ने बताया कि यह हादसा काफी भयानक था, नव दम्पति जोड़े में से लड़के की मौत घटनास्थल पर हो चुकी थी, जबकि लड़की की स्थिति नाजुक बनी हुई थी। जिसे चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजकुमार साहू के निर्देश पर गम्भीर स्थिति को देखते हुए दोनों को बेरला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया जहाँ पर डॉक्टरों ने दोनों को मृतव घोषित कर दिया। इसके साथ ही पीएम पश्चात दोनों के शव को परिजनों को सौंपकर जांच-तफ्तीश के साथ आरोपी हाइवा चालक व सम्बंधित के खिलाफ कण्डरका पुलिस द्वारा जरूरी कार्यवाही की जाएगी।



# अंचल में भीषण जलसंकट पानी के लिए मोटरसायकिल पर ग्रामीण लगा रहे दौड़





- जोगीपुर, ग्राम पेंडरी के ज्यादतर नलकूप फेल और एक्का-दुक्का हाफ रहे
- घठोली, बीरमपुर में पेयजल, निस्तारी की समस्या हुई विकराल, फिर भी प्रशासन ने नहीं की पहल
- गर्मी पूर्व तैयारी में प्रशासन की लापरवाही उजागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

तपन भरी गर्मी से जिले में के आमजन बेहाल हैं वही जल संकट की त्रासदी भी झेलना पड़ रहा है । पेयजल की तकलीफों से शहरवासी जहां जूझने रहे हैं मजबूर हैं दूसरी ओर इस संकट से ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणजनों को सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ग्रामीण पानी तलाश में अपनी दो पहिया वाहनों से निकल रहे हैं।

जिला मुख्यालय से 13 किमी दूरी पर स्थित ग्राम बालसमुद निवासी मोहन साहू व संतोष कुर्रे ने बताया कि जब से गर्मी शुरू हुई है करीब 1 महीने से रोज मोटरसाइकल पर पीने की पानी के तलाश में सुबह शाम आस पास के 3 से 4 किलोमीटर दूर ग्राम जोगीपुर, ग्राम पेंडरी के किसी किसी किसान के निजी मोटर पंप जो एका दुक्का चल रहा है, वहां से जैसे तैसे काम चला रहे। वहीं निस्तारी तालाब में थोड़ी बहुत बची हुई पानी से कर रहे हैं।

**गंदा पानी पीने मजबूर-** मनोज डेहरे ग्राम पंचायत आंदू निवासी ने बताया कि आश्रित ग्राम घठोली, बीरमपुर में पेयजल, निस्तारी की समस्या विकट हो गई है, 1 महीने से समूह जल प्रदाय योजना अमोरा घाट शिवनाथ नदी से जो पेयजल दिया जा रहा था । वह भी ठप है। भू जल स्तर सभी गांवों में पूरी तरह गिरा हुआ है, आंदू में एक मात्र निस्तारी तालाब भी सुख गया है, न के बराबर पानी बची है उसी में जैसे तैसे निस्तारी शेष पेज 13 पर






**खबर संक्षेप**



## 140 विचाराधीन बंदियों का किया स्वास्थ्य व रक्त जांच

**बेमेतरा।** मुख्यालय स्थित जिला जेल में शनिवार राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम और छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने विचाराधीन 140 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श एवं रक्त जांच किया गया।
स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय बेमेतरा के एचआईवी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सर्विस के परामर्शदाता पुराणिक नायक ने बंदियों को एचआईवी/एड्स के संक्रमण के कारण, बचाव उपायों, यौन रोगों, सिफलिस व हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक करते हुए जहां परामर्श दिए वही एमएलटी संजय तिवारी द्वारा एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी एवं सी सहित विभिन्न बीमारियों के लिए रक्त जांच किए । इस दौरान जेल अधीक्षक, फार्मासिस्ट दीक्षा अंगारे, जेल स्टाफ तथा जेल प्रहरीगण भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं गंभीर संक्रामक बीमारियों की समय पर पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित करना रहा।

## केंद्रीय कोयला मंत्री रेड्डी से शिवम तिवारी ने की भेंट



**बेमेतरा।** नगर के जनसेवक शिवम तिवारी ने केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी से रायपुर मे सौजन्य मुलाकात किये एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न गतिविधियों को लेकर चर्चा करते हुए उन्हें अवगत कराया।

## ढाई हजार रुपए जब्त जब्तसटोरिया गिरफ्तार

**बेमेतरा।** थाना बेरला पुलिस ने ग्राम कुसमी में सट्टा-पट्टी खिलाते ग्राम के आरोपी युवक नवीन साहू पकड़ा ।आरोपी के पास से नगदी 2 हजार 450 रूपये एवं सट्टा-पट्टी,पेन जप्त किए ।पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट की कारवाई की पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि नवीन साहू द्वारा गांव के साहू के ब्यारा के सामने सट्टा-पट्टी अंक लिख कर लोगो से विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर हारजीत जुआ खिला रहा है उक्त सुचना पर थाना बेरला स्टाफ पहुच कर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान एक आरोपी को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते पकडा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, प्रधान आरक्षक दीना नाथ यादव, आरक्षक सुरेन्द्र जांगडे, खुशाल बोरकर एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे ।

## ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दस दिनी कामयाब समर कैंप 2 से

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में 10 दिवसीय हम होंगे कामयाब समर कैंप की शुरुआत कि जा रही है जो 2 मई से 11मई सुबह 8.30 से 10.30बजे तक रखा गया है। संस्था ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों में शैक्षिक, सांस्कृतिक और व्यक्तित्व विकास करना है।कैंप में बच्चों को नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के साथ ज्ञानवर्धक खेल, योग और प्राणायाम सिखाए जाएंगे। इन गतिविधियों से बच्चों के जीवन में खुशियों और उत्साह का संचार होगा।कक्षा 6वीं से 9वीं तक के छात्र-छात्राएं इसमें भाग लेंगे।कैंप के दौरान कहानी प्रतियोगिताएं और अन्य रचनात्मक गतिविधियां करवाई जाएंगी।

**पुरस्कृत :** बच्चों में नैतिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों की भावना विकसित करने का गायत्री शक्तिपीठ का उपाय


# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 172 स्कूल के 13,576 छात्र-छात्राओं ने दी, मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन गायत्री शक्तिपीठ बेमेतरा में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें जिले के शिक्षा अधिकारी, गायत्री परिवार के सदस्य एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के 172 विद्यालयों से परीक्षा में भाग लेने वाले 13,576 छात्र-छात्राओं में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 5वीं से 12वीं तक के जिला स्तरीय प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

- सातवीं की छात्रा खोमेश्वरी साहू को मेडल और 400 की नकद राशि एवं प्रसस्ति पत्र दिया गया

कार्यक्रम के जिला प्रभारी डॉ. खोमराम साहू ने जानकारी दी कि यह परीक्षा बच्चों में नैतिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों की भावना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष न्यूनतम शुल्क में आयोजित की जाती है। ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा आयोजित कर बच्चों को आधुनिक परीक्षा पद्धति का अनुभव भी दिया जाता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रांत संयोजक रामपाल तिवारी ने कहा कि इस वर्ष 30 जिलों के 2 लाख 30 हजार से अधिक बच्चों ने इस परीक्षा में भाग लेकर भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की है। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समाज में संस्कार निर्माण की दिशा में एक प्रेरक पहल है। उन्होंने आयोजन में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, आयोजकों और बच्चों को बधाई दी।जिला स्तर पर अधिक छात्रों की सहभागिता हेतु शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठेलका को प्रथम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला को द्वितीय तथा स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर नवागढ़ को तृतीय स्थान प्रदान किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में बसंत कुमार वर्मा, चंद्रशेखर साहू, पोखन सिंह ठाकुर, पी.आर. सिन्हा, ममता साहू, वीरेंद्र जायसवाल, अंगद निषाद, सुरेश साहू, बी.एस. धुर्वे, संदीप पांडे, रोहित सिंह राजपूत, राकेश, नितेश साहू एवं ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।



### खोमेश्वरी का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा हुई जिसमें जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सरस्वती ज्ञान मंदिर हाईस्कूल देवरबीजा के कक्षा सातवीं की छात्रा खोमेश्वरी साहू पिता दिनेश साहू को एक मेडल,400 रू नगद राशि एवं प्रसस्त्रीपत्र से गायत्री परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य पुष्पराज सेन को जिले में एक आदर्श शिक्षक के रूप में भी सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने छात्रा की उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं एवं संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी बधाई दी।

### शिक्षक घृतलहरे का किया सम्मान

भारतीय संस्कृति, ज्ञान चेतना, अध्यात्म ज्ञान, प्राकृतिक व पर्यावरण के साथ साथ गायन वादन गतिविधिया से स्कूल के विद्यार्थियों को अवगत कराने पर शासकीय प्राथमिक शाला उघरा के शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे का प्रशस्ति पत्र व मां गायत्री का गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया । इन्हें धमतरी जिले में भीमराव अंबेडकर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है।

## हाईस्कूल लावातरा के परीक्षा परिणाम घोषित, नवमी की वैष्णवी रहीं अव्वल

**बेमेतरा।** बेरला विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल लावातरा में 25 अप्रैल को कक्षा नवमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं विद्यार्थियों को अंकसूची वितरण किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। 95.6% अंक प्राप्त करके वैष्णवी साहू पिता टोमन साहू कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार 93.8 % अंक प्राप्त करके भुनेश्वरी साहू पिता तेजराम साहू कक्षा में द्वितीय तथा 92.5% अंक प्राप्त करके भावना साहू पिता अनुरुद्ध साहू तृतीय स्थान प्राप्त की। विद्यालय के व्याख्याता भुवन लाल साहू ने बताया कि इस सत्र कक्षा नवमीं में कुल 31 विद्यार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए । जिसमें 20 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी , 5 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 5 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी तथा एक विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहा। कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम 96.7% रहा। कक्षा में नंदिनी रजक 92% चौथा, चंदन साहू 89.3% पांचवां, डाली साहू 88% छठवां, अंजलि साहू 87.5% सातवां ,मोनिका निषाद 86.8% आठवां , खेमलाल साहू 86.6% नौवां तथा खुशबू निर्मलकर 84.5% दसवां स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार टॉप टेन के सभी विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। संस्था प्रमुख प्राचार्य रविशंकर देशलहरे ने ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए अगले वर्ष कक्षा 10 वीं में इससे भी बेहतर परीक्षा परिणाम लाने हेतु ग्रीष्मावकाश से ही तैयारी करने हेतु प्रेरित किया।



उन्होंने कहा कि अंकसूची केवल प्राप्तांक या प्रतिशत देखने के लिए नहीं है। हमें सभी विषय के प्राप्तांक का सूक्ष्म अवलोकन करके जिस विषय में प्राप्तांक कम है, उसके कारणों का पता लगाकर उसे सुधार करने हेतु रणनीति बनाने की आवश्यकता है। ताकि 10वीं में परीक्षा परिणाम में और अधिक सुधार आ सके। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अगले शिक्षा सत्र में 16 जून से ही विद्यालय आने हेतु निर्देशित किया। कम प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों को अगले वर्ष और अधिक मेहनत करके परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु सुझाव दिए। उन्होंने कठिन मेहनत के महत्व पर बल देते हुए समझाया कि यदि किसी विद्यार्थी का कक्षा में स्थान पीछे हो गया हो तो निराश न हों। उन्होंने कक्षा में स्थान को अस्थाई बताते हुए कठिन परिश्रम के द्वारा अपने स्थान में सुधार पर जोर दिया। व्याख्याता अनुज राम साहू ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अगले शिक्षा सत्र में पढ़ाई, शाला गणवेश , उपस्थिति आदि संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

# 6 बल्क लीटर शराब जब्त एक गिरफ्तार, बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

आबकारी विभाग ने दो पहिया वाहन से अवैध शराब के साथ युवक को पकड़ा आरोपी गिरवर साहू से 5.94 बल्क लीटर देशी विदेशी शराब बरामद करते हुए आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया ।

विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने नेशनल हाईवे स्थित जिया पथर्रा रोड में अस्थायी नाका लगाकर वाहन हीरो होंडा क्रमांक सीजी 07 एल एक्स 4125 की तलाशी ली। जांच के दौरान आरोपी गिरवर साहू उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम -जिया के कब्जे से 5.94 बल्क लीटर शराब 27 नग देशी मदिरा प्लेन पाव व 6 नग विदेशी मदिरा पाव बरामद की गई। उक्त शराब की कीमत 42 हजार ,880 आँकी गई है। मौके पर आरोपी गिरवर साहू के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की विभिन्न धारा अंतर्गत गैर-जमानती प्रकरण कायम कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड पर लिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक वीणा भंडारी, आबकारी आरक्षक संतोष अहिरवार तथा वाहन चालक पूर्णानंद सोम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**सुरेश सिहोरे के नेतृत्व में किया गया पुतला दहन**

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को कैंडल मार्च निकालकर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवकर

कश्मीर के पहलगाम पर्यटक स्थल में देश के विभिन्न क्षेत्रों से घूमने गए 26 बेकसूर भारतवाशी को आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के हाथों जान गंवानी पड़ी। धर्म पूछकर कपड़े उतारकर परिवार के सामने छोटे छोटे बच्चों के सामने गोली मारकर निर्मम हत्या की गई। इस नृशंस नरसंहार की घटना से उद्वेलित होकर देवकर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे के नेतृत्व में नगर वासी एवं कई अन्य धर्म समिति की मौजूदगी पर नगर के हृदय स्थल गांधी चौक मैदान से कैंडल मार्च निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्ग से होकर प्रवेश द्वार से लगा हुआ धर्म ध्वज चौक के नीचे समाप्त हुआ। राह पर मिलने वाले नागरिक भी स्व स्फूर्त शामिल होकर रैली में अपना गुस्सा वयक्त करते हुए मृतक परिवार पर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। कैंडल के साथ साथ युवकों के द्वारा आतंकवाद विरोधी नारे लिखे हुए तख्ती भी हाथ में लिए हुए थे। दुर्ग - बेमेतरा मुख्य सड़क राज्य मार्ग पर प्रतीक स्वरूप आतंकवादी का पुतला दहन भी किया गया इस दौरान युवकों के द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, हम सब एक है नारा के माध्यम आतंकीt पुतले पर लात घुसा मार कर आक्रोश व्यक्त लिया गया। कैंडल मार्च में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने एक धर्म विशेष की हत्या, मानवता के खिलाफ है कहकर भावना व्यक्त किया। वही वरिष्ठ आरटीआई कार्यकर्त्ता लोचन सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री से मांग की कि अब निर्णायक युद्ध का समय आ गया है ।युवा पत्रकार जितेन्द्र राजपूत ने इस घटना को बहुत ही दुखद बताया और कहा कि हर हिन्दुस्तानी जो कश्मीर में है या पर्यटक बन कर जा रहे हैं उन सभी को आत्मरक्षा के लिए सरकार सब को हथियार दे जिससे वो अपनी सुरक्षा खुद भी कर सके अंत में समापन स्थल धर्म ध्वज चौक के नीचे जान गंवाने वाले 26 लोगों की स्मृति में 26 दीप जलाकर दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में नगरवासी युवा संगठन के साथ साथ धर्म धवज समिति, गौ रक्षक समिति एवम धर्म जागरण समिती की भी सहभागिता रही।।



# पीएमश्री विद्यालय उघरा में धूमधाम से मनाया गया पढ़ई तिहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

पीएम श्री विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला उघरा में अंगना माँ शिक्षा त्यौहार का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गांव की माताएं व आंगनबाड़ी बालवाड़ी व कक्षा एक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । अंगना मं शिक्षा त्यौहार कार्यक्रम में रस्सी कूद, रस्सी छलांग रस्सी खींचना, माता का कुर्सी दौड़, बच्चों के द्वारा वर्गीकरण, गिनती, जोड़ घटाव, अक्षर पहचाना, कागज से फोल्डिंग बनाना, तर्क लगाना, चित्र देखकर पहचान करना कि कौन क्या कर रहा है, आकृति देखकर आकार को बताना, छोटा अनुच्छेद को उच्चारण करना, शब्द को पढ़ना अनेक गतिविधियां भी कराई गई। इसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम में शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ,सरपंच भारत यादव एवं सदस्य शाला की प्रधान पाठक धनेश्वरी करभाल, शिक्षिका टुकेश्वरी राजपूत शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे लोमस पटेल सफाई कर्मचारी सरवन गंधर्व आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा ग्रामीण माताएं व बच्चे लोग भी उपस्थित रहे सभी कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन शाला का शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने किया। तत्पश्चात सभी माता एवं ग्रामीणों के लिए खीर पुरी व दाल चावल आलू छोले का सब्जी बनाया गया। जिसमें शाला की रसोई रसोईया सविता साहू ने भी अपनी सहभागिता निभाई और सभी लोग बैठकर एक साथ भोजन ग्रहण किया इस तरह से अंगना माँ शिक्षा त्यौहार कार्यक्रम बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया।







# प्राथमिक शाला मगरघटा में पढ़ई तिहार के मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा ब्लॉक नवागढ़ जिला बेमेतरा में पढ़ई तिहार के अंतर्गत अंगना माँ शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन शासन के निर्देशानुसार 25 अप्रैल को आयोजित किया गया था। जिसमे नवप्रवेशी बच्चों की माताओ की उपस्थिति रही है। कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका शीतल बैस द्वारा माताओ को नौ काउंटर के समस्त गतिविधियों के बारे मे जानकारी दी गयी। भाषा गणित की पूर्व तैयारी बच्चों का कोना माताओ के सहयोग से विभिन्न गतिविधि कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रीष्म अवकाश मे माताएँ अपने बच्चों को स्थानीय वस्तुएँ या घर की सामग्री से बच्चों को दक्षता हासिल करना। कार्यक्रम में ग्राम के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों सरपंच जनपद सदस्य व पंचो का स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य रुप से नवागढ़ बीआरसी जगजीवन राम साहूजी व संकुल समन्वयक रामकुमार वर्मा की उपस्थिति रही है। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बीआरसी जगजीवन साहू ने बच्चों को घर पर उचित शिक्षा व संस्कार देने की बात कही।प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद ध्रुव ने माताओं को बच्चों को समय देकर घर पर ही घर की सामग्री से स्कूल पूर्व सिखाने की बात कही प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत प्रारम्भिक बाल अवस्था मे बच्चों की उचित देखभाल, पोषण, और उनका सर्वांगीण विकास महत्वपूर्ण है। इस आयुवर्ग मे बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास तीव्र गति से होता है। इसके लिये बच्चों को पर्याप्त अवसर व प्रोत्साहन का माहौल मिलना जरुरी है। स्टॉफ के समस्त शिक्षक शिक्षिका की सहभागिता रही है कार्यक्रम का संचालन व आभार सहायक शिक्षक राधेश्याम सिंह बैस ने किया।



